हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 26 फरवरी 2026

04 अनदेखीः नालियों के आसपास से मिट्टी हटाए...



07 थैलेसीमिया मरीजों के लिए वरदान बना मेदांता...





## खबर संक्षेप

### जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति दिशा की बैठक 2 को

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में सीहोर कलेक्ट्रेट में 2 मार्च को दोपहर 2 बजे जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ‘दिशा’ की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, एनएचएआई, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल जीवन मिशन, उर्जा विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, पशुपालन विभाग, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जनजातीय कार्य विभाग सहित सभी विभागीय कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।


### बिजली का दुरुपयोग पाए जाने पर कार्रवाई होगी

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि अब ई-वाहन/ई-रिक्शा आदि की चार्जिंग में विद्युत का दुरुपयोग पाए जाने पर कार्रवाई होगी। कंपनी ने कहा है कि ई-वाहन तथा ई-रिक्शा मालिकों द्वारा उनके वाहनों की चार्जिंग में बिजली का दुरुपयोग किया जाना संज्ञान में आया है। कंपनी ने कहा है कि मैदानी अधिकारियों द्वारा यदि जांच में ऐसा पाया जाता है तो वाहन जप्त कर विद्युत अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्युत वितरण कंपनी ने ऐसे उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्षनों की जांच में मीटर क्रमांक, उसकी कार्य प्रणाली एवं श्रेणी दर्ज करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने हेतु मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया है। साथ ही क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से ई-वाहनों के मालिकों की जानकारी प्राप्त कर उनके विद्युत कनेक्शन को एनजीबी बिलिंग प्रणाली में शामिल करने की कार्रवाई की जाएगी।

# नपा और ठेकेदार की लापरवाही, ‘टीम संडे का सुकून’ ने निभाई जिम्मेदारी, सड़क के बीच में खड़े मौत के पोल पर लगाया रेडियम

### लुनिया चौराहा से मछलीपुल की बहुप्रतिक्षित सड़क पर निर्माण एजेंसी ने दिखाई लापरवाही, बगैर बिजली पोल हटवाए सड़क बना दी

**सीहोर।** शहर के मछलीपुल से लुनिया चौराहा तक बन रहा बहुप्रतिक्षित मार्ग इन दिनों सुविधा से ज्यादा दुविधा और हादसों का सबब बना हुआ है। जिस सडक़ के बनने का इंतजार शहरवासियों को सालों से था, उसका फिलहाल एक ही हिस्सा बना है, लेकिन वह भी लापरवाही की भेंट चढ़ गया है। सडक़ के एक तरफ के जिस हिस्से को बनाया गया है, उस पर लगे बिजली के खंभों को हटाने की जहमत न तो नगर पालिका ने उठाई और न ही ठेकेदार ने, जब जिम्मेदार सो गए तो शहर की युवा सामाजिक संस्था टीम संडे का सुकून ने वाहन चालकों की पीड़ा समझी और अपनी स्वनिधि से खंभे पर रेडियम पट्टी लगाकर इन्हें सुरक्षित करने का प्रयास किया है।



बता दें इस मार्ग के निर्माण के लिए नगर पालिका की चेतावनी के बाद स्थानीय दुकानदारों और रहवासियों ने खुद आगे बढक़र अपने सालों पुराने अतिक्रमण हटाए थे। लोगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन इस उम्मीद में कि शहर को एक व्यवस्थित और चौड़ी सडक़ मिलेगी। लेकिन विडंबना देखिए निर्माण एजेंसी ने सडक़ को नियमों के ताक पर रखकर इतना ऊंचा यानी पहाडनुमा बना दिया है कि अब बारिश के समय घरों और दुकानों में पानी भरने का खतरा पैदा हो गया है।

#### मौत को दावत दे रहे बिजली के पोल

सडक़ निर्माण के दौरान सबसे बड़ी लापरवाही यह रही कि बीच में आ रहे बिजली के पोल हटाए बिना ही सडक़ बना दी गई। वर्तमान में ये खंभे सडक़ के बीचों-बीच खड़े हैं। चूंकि यह मार्ग बस स्टैंड को रेलवे स्टेशन और मंडी क्षेत्र से जोड़ता है, इसलिए यहां से दिन भर में 5 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं। रात के अंधेरे में ये खंभे वाहन चालकों को दिखाई नहीं दे रहे हैं, जो हादसों का सबब बने हुए हैं।

#### जनता का सवाल, आखिर सो रहे जिम्मेदार

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि सडक़ निर्माण की ड्राइंग और लेवलिंग में भारी गड़बड़ी है। सडक़ इतनी ऊंची कर दी गई है कि दुकानों के शटर नीचे दब गए हैं। वहीं बिजली के खंभों को शिफ्ट न करना सीधे तौर पर जान-माल के साथ खिलवाड़ है। शहर में चर्चा है कि जो काम नगर पालिका और ठेकेदार को लाखों के बजट में करना था, वह काम युवाओं की एक टोली ने कर दिखाया।

**युवाओं ने दिखाई राह, जेब से खर्च किए 2000 :** जब नगर पालिका और ठेकेदार ने जनता की शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया तो टीम संडे का सुकून के युवाओं ने खुद मोर्चा संभाला। टीम के सदस्यों ने लगभग 1800 से 2000 रुपये अपनी जेब से खर्च कर बिजली के खंभे पर चमकीला रेडियम लगाया। अब रात के अंधेरे में वाहनों की लाइट पड़ते ही ये पोल दूर से चमकने लगते हैं, जिससे वाहन चालकों को खतरे का आभास हो जाता है।

### नर्मदा किनारे से पांच किलोमीटर क्षेत्र में नहीं होगी शराब दुकान, सलकनपुर क्षेत्र में भी प्रतिबंधित

# शराब दुकानों की नीलामी कल से, नई आबकारी नीति के तहत होंगे ई-टेंडर, 350 करोड़ का लक्ष्य

शराब माफिया और बड़े समूहों के एकाधिकार (सिंडिकेट) को तोडऩे के लिए इस बार कड़ा नियम बनाया गया है। अब कोई भी एक समूह अधिकतम 5 दुकानों से ज्यादा का ठेका नहीं ले सकेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए घोषित नई आबकारी नीति के तहत जिले में मदिरा दुकानों की नीलामी प्रक्रिया कल से शुरू होने जा रही है। जिला प्रशासन और आबकारी विभाग ने इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार नीलामी प्रक्रिया 27 फरवरी से शुरू होकर 7 मार्च तक ई-टेंडर के माध्यम से चलेगी। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में तैयार इस नीति में सामाजिक सरोकारों और धार्मिक पवित्रता का विशेष ध्यान रखा गया है। बता दें पिछले वित्तीय वर्ष में जिले की शराब दुकानें 292 करोड़ रुपये में नीलाम हुई थीं। इस वर्ष सरकार ने आरक्षित मूल्य में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है, जिसके चलते जिले के लिए 350 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य रखा गया है। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों सीहोर, आष्टा, बुदनी और इछावर की दुकानों के लिए अलग-अलग 19 कम्पोजिट मदिरा समूहों के टेंडर बुलाए गए हैं। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरी प्रक्रिया ई.ऑक्शन और ई.टेंडर के जरिए संपन्न होगी।

#### नर्मदा तट और सलकनपुर में पाबंदी

नई नीति में सरकार ने स्पष्ट किया है कि धार्मिक और प्राकृतिक शुचिता से कोई समझौता नहीं होगा। मां नर्मदा के प्रति आस्था को देखते हुए तट से 5 किलोमीटर की परिधि में कोई भी शराब दुकान संचालित नहीं होगी। इसी तरह जिले की प्रसिद्ध धार्मिक नगरी सलकनपुर में मदिरा की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। शासन ने यह भी साफ कर दिया है कि पूरे प्रदेश में एक भी नई शराब दुकान नहीं खोली जाएगी।

#### सिंडिकेट और एकाधिकार पर लगेगी लगाम

शराब माफिया और बड़े समूहों के एकाधिकार (सिंडिकेट) को तोडऩे के लिए इस बार कड़ा नियम बनाया गया है। अब कोई भी एक समूह अधिकतम 5 दुकानों से ज्यादा का ठेका नहीं ले सकेगा। साथ ही पुराने ठेकेदारों को मिलने वाली नवीनीकरण की सुविधा खत्म कर दी गई है। अब हर दुकान के लिए नए सिरे से बोली लगानी होगी, जिससे छोटे कारोबारियों को भी इस क्षेत्र में आने का मौका मिलेगा।

#### सुरक्षा के कड़े नियम

जालसाजी और फर्जीवाड़े को रोकने के लिए विभाग ने सुरक्षा राशि के नियमों में बदलाव किया है। अब केवल ई.चालान या ई.बैंक गारंटी ही स्वीकार की जाएगी। पुरानी कागजी गारंटी या सावधि जमा मान्य नहीं होगी। जिला आबकारी अधिकारी के अनुसार दुकानों के समूहों को आरक्षित मूल्य के आधार पर तीन से चार बैचों में बांटा गया है ताकि नीलामी सुचारू रूप से हो सके।

#### नई नीति के साथ होगी प्रक्रिया

जिले में नई आबकारी नीति के तहत पूरी पारदर्शिता के साथ नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। ई.टेंडरिंग के माध्यम से ठेके दिए जाएंगे और शासन के दिशा-निर्देशों जैसे नर्मदा तट से दूरी का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

**दीपसिंह राठौर,** जिला आबकारी अधिकारी सीहोर

### भारतीय मजदूर संघ ने रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया




**सीहोर।** भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय आह्वान पर बुधवार को जिला संगठन द्वारा देशव्यापी विरोध दिवस मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कर्मचारियों व श्रमिकों की विभिन्न मांगों को लेकर रैली निकाली और कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व भोपाल नाका पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं भामस के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यर्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम परमार ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विभाग प्रमुख अनिल शर्मा, वीरसिंह गुर्जर, आंगनवाड़ी संघ की जिलाध्यक्ष उषा राठौर, राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष गोपालसिंह ठाकुर जिलाध्यक्ष कुंदन राय, दैवेभो कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव विनोद बोयत मौजूद रहे।

## नदी में अज्ञात युवती का शव मिला

**भैरुंदा।** थाना भैरुंदा अंतर्गत ग्राम नंदगांव स्थित अम्बर नदी में बुधवार सुबह एक अज्ञात युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की उम्र लगभग 20 वर्ष बताई जा रही है। फिलहाल उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे ग्रामीणों ने नदी में एक शव तैरता हुआ देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना भैरुंदा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एसडीआरएफ टीम की सहायता से शव को पानी से बाहर निकलवाया और पंचनामा कार्रवाई के बाद उसे सिविल अस्पताल की मर्चुरी में सुरक्षित रखवाया है। एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि युवती की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान होने के बाद ही पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आसपास के थानों-गोपालपुर, इछावर एवं भैरुंदा-में दर्ज गुमशुदगी के प्रकरणों की जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है। मृतका की पहचान के लिए सोशल मीडिया और स्थानीय ग्रामीण समूहों में फोटो साझा किए गए हैं। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच में जुटी है। शव की पहचान नहीं हो सकी थी।



## तालाब में मरे मिले 16 से पक्षीः ग्रामीणों ने पोस्टमॉर्टम और पानी की जांच कराने की मांग

**सीहोर।** जिले के ग्राम बरखेड़ी में बुधवार की सुबह तालाब किनारे बड़ी संख्या में पक्षी मृत अवस्था में पड़े मिले। सुबह टहलने और खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने तालाब के पास पक्षियों को जमीन पर पड़ा देखा। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी। ग्रामीणों के मुताबिक, मृत पक्षियों की संख्या 16 से अधिक है। सभी पक्षी एक ही इलाके में तालाब के किनारे पड़े मिले। घटना के बाद पूरे गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।



#### पानी की कमी वाले तालाब में डेरा डाले थे प्रवासी पक्षी

बरखेड़ी के इस तालाब में इन दिनों पानी बहुत कम बचा है। इसके बावजूद यहां प्रवासी पक्षी हर साल की तरह डेरा डाले हुए थे। ग्रामीणों का कहना है कि ठंड के मौसम में अलग-अलग प्रजातियों के पक्षी यहां आते हैं और कई दिन तक रुकते हैं। आज सुबह अचानक बड़ी संख्या में पक्षियों के मृत मिलने से लोगों में दहशत और चिंता दोनों है। ग्रामीणों को आशंका है कि पानी की कमी, प्रदूषण या किसी अन्य कारण से यह घटना हुई हो सकती है।

#### डायल 112 ने बताया कार्यक्षेत्र से बाहर

सजग ग्रामीणों ने सबसे पहले डायल 112 पर कॉल कर सूचना दी। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें यह कहकर जवाब दे दिया गया कि यह मामला उनके कार्यक्षेत्र में नहीं आता। इसके बाद ग्रामीणों ने सीधे वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर पूरी जानकारी दी।

#### वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची निरीक्षण जारी

मामले की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। टीम ने तालाब का निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया। मृत पक्षियों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही पानी और अन्य सैंपल एकत्र कर जांच के लिए सागर भेजे गए हैं।

मौके पर पहुंचे वन विभाग के वनपाल बृजेश राठौर ने बताया कि सैंपल एकत्र कर लिए गए हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टि में ऐसा लग रहा है कि पानी के कारण पक्षियों की मौत हुई हो सकती है, लेकिन अंतिम निष्कर्ष जांच रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगा।

#### बगुले, तीतरी जैसे पक्षी भी शामिल

ग्राम के निवासी सुनील ने बताया कि मृत पक्षियों में बगुले और तीतरी जैसे पक्षी शामिल हैं। कुछ पक्षी देखने में हंस जैसे भी लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि तालाब में पानी की कमी के बावजूद प्रवासी पक्षी हर साल यहां आते हैं, लेकिन इस तरह की घटना पहले कभी नहीं हुई।

#### जांच रिपोर्ट के बाद ही साफ होगा कारण

फिलहाल पूरे मामले में अंतिम कारण पोस्टमार्टम और सैंपल की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। गांव के लोग चिंतित हैं और चाहते हैं कि जल्द रिपोर्ट सामने आए, ताकि यह साफ हो सके कि पक्षियों की मौत बीमारी, जहरीले पानी या किसी अन्य वजह से हुई है और भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो।

### बाजार से हल्दी खरीदकर पिलाई थी उसके बाद बिगड़ी तबीयत

# 61 भेड़-बकरियों की मौतः पशुपालक बोला उल्टी के बाद अचानक जमीन पर गिरने लगीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के मैना और खामखेड़ा गांवों के बीच पशुपालकों के डेरे में उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक 150 से 200 भेड़-बकरियों की मौत हो गई। यह घटना पशुओं को हल्दी का घोल पिलाने के कुछ ही समय बाद हुई।

जानकारी के अनुसार, पशुपालकों ने ग्राम मैना के साप्ताहिक बाजार से पिसी हुई हल्दी खरीदी थी। इसे पानी में घोलकर भेड़-बकरियों को पिलाया गया। घोल पीने के कुछ देर बाद ही पशुओं में उल्टी, अत्यधिक कमजोरी और अचानक गिरने जैसे लक्षण दिखाई देने लगे।



**कुछ ही समय में बड़ी संख्या में मौत :** स्थिति तेजी से बिगड़ती चली गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में पशु अचेत होकर गिरने लगे। थोड़ी ही देर में एक के बाद एक करीब 61 भेड़-बकरियों की मौत हो गई, जिससे पशुपालकों को भारी नुकसान हुआ है। घटना के बाद पशुपालकों ने आशंका जताई है कि बाजार से खरीदी गई हल्दी में मिलावट या किसी जहरीले रसायन की मौजूदगी हो सकती है। ग्रामीणों ने इतनी बड़ी संख्या में पशुओं की मौत को असामान्य बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने दी जाती है भेड़-बकरियों को हल्दी :** देसी पशुपालकों में भेड़ों और बकरियों को हल्दी पिलाने की परंपरा पुरानी है। विशेषज्ञों के अनुसार हल्दी में प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और सूजनरोधी गुण होते हैं, जो पेट दर्द, दस्त, अफारा और आंतों के संक्रमण में लाभकारी माने जाते हैं। प्रसव के बाद हल्दी देने से अंदरूनी सफाई और कमजोरी दूर होने में मदद मिलती है।

साथ ही यह रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाती है। हालांकि, पशुपालन विशेषज्ञ हल्दी सीमित मात्रा में ही देने की सलाह देते हैं। अधिक मात्रा या मिलावटी हल्दी पशुओं के लिए गंभीर रूप से नुकसानदायक हो सकती है। गंभीर स्थिति में पशु चिकित्सक से परामर्श जरूरी है।

### नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान और विश्व शांति महायज्ञ श्रध्दालुओं ने भक्ति भाव से 13 महा अर्घ किए समर्पित

**सीहोर।** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे अष्टानहिका का महापर्व के पावन अवसर पर प.पू. आचार्य विद्यासागर महाराज आचार्य समय सागर महाराज और मुनि श्री 108 अक्षय सागर महाराज एवं नवाचार मुनि उपसम सागर जी महाराज की असीम कृपा और आशीर्वाद से24 फरवरी से 4 मार्च तक सात दिवसीय सिद्धपुर की नगरी में सिद्धों की आराधना करते हुए नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति के तत्वाधान मे सकल जैन समाज द्वारा आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के दूसरे दिन श्रावक श्राविकाओ ने भक्ति भाव से 13 महा अर्घ समर्पित कर सिध्दो की आराधना कर धर्म लाभ अर्जित किया ।

## खबर संक्षेप



### शिविर लगाकर किया गया 1060 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 24 फरवरी को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 740 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 320 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 150 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील की है कि अपने गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें। नेशनल और स्टेट हाई-वे सहित ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर पालतू पशु भटक रहे हैं। सड़कों पर द्रुतगति वाहनों की चपेट में आकर न केवल ये घायल होते हैं बल्कि दुर्घटना में जन-धन और पशु सबकी हानि होती है।

### ई-उपार्जन पोर्टल पर सरसों का पंजीयन 26 फरवरी से

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 26 फरवरी से सरसों का पंजीयन प्रारंभ होगा, जो 20 मार्च 2026 तक चलेगा। सरसों का पंजीयन गेहूं, चना, मसूर पंजीयन की तरह ही किया जा रहा है। जिन किसानों ने सरसों की बुवाई की है वे अपना पंजीयन करा सकते हैं। किसान अपना पंजीयन निर्धारित लिंक पर जाकर मोबाइल या कम्प्यूटर के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अलावा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय और सहकारी- विपणन समितियों द्वारा स्थापित सुविधा केन्द्रों, एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्रों, साइबर कैफे आदि पर पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के दौरान भू-स्वामियों के लिये भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र ले जाना अनिवार्य है।

## सीसी सड़कों की मरम्मत करने में बरती जा रही लापरवाही

# अनदेखी: नालियों के आसपास से मिट्टी हटाए बिना किया जा रहा सीमेंट कांक्रीट

### पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों का मरम्मत कार्य किया जा रहा घटिया, ग्रामीणों की मांग प्रशासन दें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

जनपद क्षेत्र के गांव बावड़ियां गोसाई में पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाने हेतु ठेकेदार द्वारा गांव की तमाम सीसी सड़के खोदी गई थी । पाइप लाइन बिछाने के बाद अब सड़कों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है , लेकिन मरम्मत के इस कार्य में की ठेकेदार द्वारा कई अनियमितताएं बरती जा रही है। हालात यह है कि कहीं - कहीं नालियां खुली छोड़ दी गई है तो वहीं मरम्मत कार्य बेहद घटिया और निम्न स्तर का किया जा रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रशासन से मामले की जांच कर आरोपी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है।

गांव बावड़ियां गोसाई में ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा करोड़ों रूपए जल जीवन मिशन के नाम पर स्वीकृत किए गए है। इसके अंतर्गत गांव में पानी की टंकी निर्माण के साथ ही पाइप लाइन डालने और घरों में नल कनेक्शन करने का कार्य किया जा रहा है कि। ठेकेदार द्वारा सीसी सड़कों को खोदकर पाइप लाइन तो डाल दी गई। लेकिन इन सीसी सड़कों की मरम्मत में अब जमकर लापरवाही बरती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि खुदाई के बाद नालियों की मिट्टी हटाएं बिना ही उस पर सीमेंट कांक्रीट किया जा रहा है। इसके अलावा कांक्रीट में प्रयुक्त मटेरियल भी बेहद घटिया और निम्न स्तर का है , इससे सड़कें कुछ दिनों से ही जर्जर हो जाएंगी। गांव के जितेन्द्र वर्मा, चंदरसिंह मालवीय , आनंदी वर्मा आदि ने बताया कि ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सीसी सड़कों की मरम्मत का कार्य बेहद निम्न स्तर का किया जा रहा है। खुदाई के बाद निकाली मिट्टी को साफ किए बिना ही उस पर सीमेंट कांक्रीट किया जा रहा है। इसके अलावा किए जा रहें सीमेंट कांक्रीट का मटेरियल भी गुणवत्तापूर्ण न होकर बेहद घटिया और निम्न स्तर का है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार यह घटिया कार्य रात के अंधेरे में कर रहा है। पूर्व सरपंच और भाजपा नेता प्रेम नारायण वर्मा का कहना है कि शासन की शर्तों के अनुसार पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों को दुरुस्त एवं पुनः सीसी सड़क निर्माण करवाने की जवाबदेही पाइप लाइन बिछाने वाले ठेकेदार की होती है। लेकिन उक्त ठेकेदार अपनी मनमर्जी से काम कर रहा है। ग्रामीणों द्वारा प्रशासन से मांग की गई है कि पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों का मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाएं। ताकि सड़कें मजबूत और टिकाऊ हो सकें।



**इछावर।** गांव बावड़िया गोसाई में ठेकेदार द्वारा इस तरह बिना नाली सफाई करें कांक्रीट मैटेरियल डाला जा रहा है



**इछावर।** गांव बावड़िया गोसाई में ठेकेदार द्वारा कंक्रीट का काम किया जा रहा उसमें डस्ट वाली चूरी का इस्तेमाल किया जा रहा है

**कराई जाएगी जांच**

यदि ठेकेदार द्वारा घटिया काम किया जा रहा है एवं रात में काम किया जा रहा है तो मैं संबंधित विभाग को पत्र लिखकर जांच कराती हूं

**स्वाति मिश्रा,** एसडीएम इछावर

## हसनाबाद में श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ रहे श्रोतागण समापन पर भंडारा आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हसनाबाद में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। कथावाचक सुश्री रितिका नागर ने अपनी मधुर वाणी में श्रीमद् भागवत कथा श्रद्धालुओं श्रवण कराई। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित किया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति का वातावरण बना रहा और दूर-दूर से आए लाखों श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।

कथा में पहुंचकर वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर एवं समाजसेवी तुलसीराम काका सरपंच अखिलेश वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।अतिथियों ने श्रद्धापूर्वक कथा श्रवण कर आयोजन की सराहना की और धर्म कार्यों में सहयोग का संदेश ग्रामीण को दिया। कार्यक्रम में नागर धाकड़ समाज के अध्यक्ष रामलाल नागर नवीन मनोनीत अध्यक्ष क्षेत्रीय नागर धाकड़ समाज सुधार समिति के गुलनारायण नागर वरिष्ठ समाजसेवी धाकड़ समाज संतोष नागर वरिष्ठ समाज सेवी, अशोक नागर विद्यालय संचालक एवं समाजसेवी, प्रभु लाल नागर, प्रहलाद सिंह नागर, प्रहलाद सिंह नागर सहित अन्य श्रद्धालुओं ने कथा में शामिल होकर भक्तिमय वातावरण की प्रशंसा की। समापन अवसर पर गुरुवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की विशेष व्यवस्था की गई। आयोजन समिति ने मैं समस्त श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

# होली पर पुलिस का रहेगा सख्त पहरा एसपी ने दिए ड्रोन से निगरानी के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में आगामी त्योहारों (होली, रंगपंचमी, ईद, रमजान) के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला ने अपने कार्यालय के सभागृह में एक विशेष बैठक ली। इस दौरान एसपी ने अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने, ड्रोन से निगरानी रखने और संवेदनशील इलाकों में चेकिंग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल, पुलिस ने सूचना संकलन में लगे कर्मचारियों को यातायात नियमों और घटनास्थल को सुरक्षित रखने का विशेष प्रशिक्षण दे दिया है, ताकि पूरा त्योहारी सीजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। थाना प्रभारियों और बीट प्रभारियों को बड़े आयोजनों व कार्यक्रमों के दौरान आयोजकों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। धार्मिक और अन्य कार्यक्रमों में स्वयंसेवकों की मदद ली जाएगी। इसके साथ ही, संवेदनशील इलाकों के रूट का परीक्षण करने, आवश्यकतानुसार ड्रोन से सर्चिंग करने और ऊंची इमारतों पर पुलिस बल तैनात करने पर विशेष जोर दिया गया है। पिछले वर्षों में जहां विवाद हुए हैं या जो क्षेत्र संवेदनशील हैं, वहां पुलिस के फिक्स पॉइंट लगाए जाएंगे।

### नदी किनारों पर एसडीआरएफ की तैनाती

होली और रंगपंचमी के अवसर पर नदी किनारे वाले क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए एसडीआरएफ और होमगार्ड की तैनाती की जाएगी। इनके पास रस्सी, लाउड हेलर और लाइफ सेविंग जैकेट जैसे आवश्यक उपकरण मौजूद रहेंगे। वहीं, भगोरिया मेले के दौरान महिला स्वयंसेवकों की मदद से विशेष सतर्कता बरती जाएगी। अफवाहों को रोकने के लिए सोशल मीडिया पर भी पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी।

**शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई :** जिले में संदिग्ध व्यक्तियों के साथ-साथ लॉज, होटल और ढाबों की सघन चेकिंग कर सूचनाओं का आदान-प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब, गोवंश तस्करी और गो-कटिंग (गौकशी) जैसी अवैध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने और सूचना मिलते ही तुरंत वैधानिक कार्रवाई करने के सख्त निर्देश एसपी ने दिए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागृह में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यशाला और मासिक बैठक में एसपी दीपक शुक्ला के अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ उप निरीक्षक (उनि.) पुरुषोत्तम दांगी भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ तैयार रहेगी पुलिस**

आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों को पुलिस वाहन, बलवा ड्रिल, पी.ए. सिस्टम, डंडा, जाली और टियर गैस (आंसू गैस) जैसे दंगा नियंत्रण उपकरणों की उपलब्धता और अपनी पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में यह भी तय हुआ कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की समन्वय बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिसमें एसडीएम, पुलिस, एमपीईबी, पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका और अन्य संबंधित विभाग शामिल होंगे।

## पार्वती नदी से सीधे नागरिकों तक सप्लाई किया जा रहा है गंदा पानी: शमीम

### काहिरी फिल्टर प्लांट दो साल से रिपेयरिंग के अभाव में पड़ा है बंद

**सीहोर।** कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को पत्रकार वार्ता आयोजित कर नगर पालिका के पूर्व जल सभापति पार्षद कांग्रेस नेता शमीम अहमद ने नगर पालिका परिषद पर पानी वितरण को लेकर गंभीर आरोप लगाए है। जनहित का मुदद्दा रखते हुए अहमद ने कहा कि काहिरी फिल्टर प्लांट दो साल से रिपेयरिंग के अभाव में बंद पड़ा है बीते सालों से बिना फिल्टर किया हुआ गंदा पानी पार्वती नदी से सीधे नागरिकों तक सप्लाई किया जा रहा है। अहमद ने नगर पालिका परिषद की दुषित पानी वितरण कार्यशैली और इंदौर जैसे घटना से नागरिकों को बचाने के लिए जिला प्रशासन से शहर की जल प्रदाय व्यवस्था अपने हाथ में लेने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने की दशा में शमीम अहमद ने अमरण अनशन पर बैठने की चैतावनी भी दी है।

**एपेंडिक्स कैंसर जैसी भयानक बीमारियों में इजाफा:** भयवाह स्थिति को रखते हुए शमीम अहमद ने बताया कि सीहोर में अधिकतर पार्वती नदी काहिरी डेम और भगवानपुरा व जमोनिया डेम से जल प्रदाय किया जाता है। जहाँ का फिल्टर प्लांट लगभग दो वर्ष से रिपेयरिंग के अभाव में बंद पड़ा हुआ है। एलम से पानी को साफ किया जाता है वहीं ब्लिचिंग पाउडर से नदी के पानी में मौजूद जीवाणुओं को नष्ट किया जाता है। एलम ब्लिचिंग पाउडर अथवा ब्लिचिंग सिलेंडर का उपयोग भी कई महीनों से नहीं किया गया है। वर्तमान में सीहोर नगर पालिका परिषद द्वारा शुद्ध व साफ़-सुथरा पानी देने की बजाय स्लो पायजन बांट रही है।

**लिकेजों को सुधारने में नगर पालिका सक्षम नहीं :** शहर में पानी की सप्लाई पाइप लाइन सन 1980 की बिछी हुई है, जिसकी कैपेसिटी सिर्फ 35 वर्ष थी लेकिन लगभग 50 वर्ष उस पाईप लाइन को हो गये हैं। इस कारण लाइन में लिकेज हो जाते हैं लिकेजों को सुधारने में नगर पालिका सक्षम नहीं है और न सुधारें जा रहे हैं। लिकेजों के माध्यम से नालियों का गंदा पानी सप्लाई पाइप लाइन में चला जाता है। नालियों का गंदगी युक्त पानी नागरिकों तक पहुँच रहा है। उन्होने कहा कि शहर में बनी पानी की टंकियां पाचास साल पुरानी हो गई है। स्वयं नगर पालिका द्वारा वर्ष 2022 में एमआरएसटीसी भोपाल से जांच की गई थी। जिस में उक्त टंकियां उपयोग में आने लायक नहीं पाई गई थी। शहर की समस्त जल प्रदाय व्यवस्था सन 1995 में पीएचई विभाग द्वारा सीहोर नगर पालिका को ट्रांसफर की गई थी।

### पांच के स्थान पर एक सब इंजीनियर संभाल रहा व्यवस्था

उक्त व्यवस्था के साथ 5 सब इंजीनियर और लगभग 150 कर्मचारियों को उक्त जल प्रदाय व्यवस्था को संचालित करने के लिए रखा गया था। जिनकी तनख्वाह भी पीएचई विभाग के द्वारा दी जाती है। साथ ही शासन द्वारा उक्त व्यवस्था के लिये राशि अलग से दी जाती रही है। सब इंजीनियर समस्त जल प्रदाय व्यवस्था देखते थे और व्यवस्था सुचारू रूप से चलती थी। उक्त सब इंजीनियरों का ट्रांसफर हो गया या रिटायर हो गये है। वर्तमान में नगर पालिका में बाहर से आये केवल एक मात्र सब इंजीनियर समस्त जल प्रदाय व्यवस्था देख रहे है, जो हास्यास्पद है।

शमीम अहमद ने जिला प्रशासन से तत्काल सीहोर नगर की जल प्रदाय व्यवस्था अपने हाथ में लेने और बंद पड़े फिल्टर प्लांट चालू कराने व नगर में जल प्रदाय पाइप लाइनों में हो रहे समस्त लिकेजों को ठीक कराने और एलम व ब्लिचिंग पाउडर का उपयोग पर्याप्त मात्रा में होना सुनिश्चित करने, पानी की टंकियों में क्षमता अनुसार पानी भरने सहित नागरिकों को महामारी से बचाने की मांग की है।

### स्क्रीनिंग शिविर आयोजित कर की गई डेंटल फ्लोरोसिस की स्क्रीनिंग

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आष्टा जनपद के ग्राम बापचा के शासकीय स्कूल में डेंटल फ्लोरोसिस स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 30 बच्चों की फ्लोरोसिस की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 08 बच्चों में डेंटल फ्लोरोसिस पाया गया। शिविर के दौरान नोडल अधिकारी डॉ रुचिरा उइके सहित स्टॉफ उपस्थित था।

## राहुल गांधी को सुनने उमड़ा सीहोर का जनसैलाब जिलाध्यक्ष गुजराती के नेतृत्व में पहुंचे 3000 कांग्रेसी

### जिले की चारों विधानसभाओं से 14 बसें और 40 कारों का काफिला पहुंचा भोपाल




**सीहोर।** राजधानी भोपाल के जवाहर चौक पर आयोजित कांग्रेस की विशाल जनसभा में जिले का दमदार असर देखने को मिला। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के संबोधन को सुनने के लिए जिले से 3000 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान भोपाल पहुंचे।

जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के मार्गदर्शन में जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों सीहोर, आष्टा, इछावर और बुदनी से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सुबह से ही भोपाल के लिए रवाना होने लगे थे। श्री गुजराती ने बताया कि कार्यकर्ताओं के उत्साह का आलम यह था कि जिले से 14 बड़ी बसें और 40 से अधिक निजी कारों का काफिला भोपाल पहुंचा। जवाहर चौक के सभा स्थल पर सीहोर के कार्यकर्ताओं की मौजूदगी और उनके नारों ने सभा में जोश भर दिया।

**ट्रेड डील का विरोध, किसानों ने भी की भागीदारी:**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि इस बार की सभा में केवल राजनीतिक कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में जिले के किसान भी शामिल हुए। अमेरिका के साथ होने वाली ट्रेड डील को लेकर जिले के अन्नदाताओं में गहरा आक्रोश है। किसानों का मानना है कि इस डील से स्थानीय खेती और बाजार पर बुरा असर पड़ेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा किसानों के हक की लड़ाई लड़ते हैं, यही कारण है कि आज सीहोर का किसान स्वेच्छा से उनके विचारों को सुनने और इस समझौते का विरोध दर्ज कराने भोपाल पहुंचा है। जिले के सभी 18 ब्लॉक के कोने कोने से किसान एवं कांग्रेस जन पहुंचे , कार्यकर्ताओं में भरा जोश सभा के दौरान राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के संबोधन ने कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा से भर दिया। जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा राहुल गांधीजी ने जिस तरह से जनता के मुद्दों और किसानों की समस्याओं को सदन से लेकर सडक़ तक उठाया है, उससे कार्यकर्ता बेहद उत्साहित हैं। बता दें राजीव गुजराती के नेतृत्व में पहुंचे इस जत्थे में जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारी भी शामिल रहे।

### ब्लॉक अध्यक्ष योगेश सोनू राजपूत की मौजूदगी में भोपाल पहुंचे कार्यकर्ता

# ट्रेड डील के विरोध में बड़ी संख्या में किसान महाचौपाल में पहुंचे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

मंगलवार को राजधानी भोपाल में आयोजित किसान महा चौपाल में बुधनी ब्लॉक से बड़ी संख्या में कांग्रेसी राजधानी पहुंचे।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस द्वारा ट्रेड डील के विरोध में मंगलवार को किसान महा चौपाल का आयोजन किया गया था जिसमें विपक्ष के नेता राहुल गांधी,राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के नेता शामिल हुए इसी तारतम्य में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेश सोनू राजपूत की मौजूदगी में बड़ी संख्या में कांग्रेस जन भोपाल पहुंचे।



इस अवसर पर मुख्य रूप से महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव कंचन शर्मा,मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय,वरिष्ठ कांग्रेस नेता तारिक पटेल,पूर्व पार्षद अजय यादव,पूर्व पार्षद संजय शर्मा,राजेंद्र यादव,किसान कांग्रेस नेता अजय यादव,इंटक के जिला अध्यक्ष आमिर पटेल,युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे,भूपेंद्र निमोदा, रिंकू दुबे,कपिल मल्होत्रा,हेमंत वर्मा,पुरुषोत्तम मीणा, संतोष यादव,बलवीर चौहान,मोहित उईके,मोहन धुर्वे,राजकुमार ठाकरे, सुरेश कुमरे,मोहन सिंह भवर,नेतिक सिंह,मिथुन धुर्वे, कान्हा कुमरे आदि अनेक कांग्रेसजन शामिल रहे।

35 से 50 लाख के बोनमेरो ट्रांसप्लांट की सुविधा निःशुल्क, फिर भी जिले से पहुंचे 84 में से सिर्फ 11 मरीज


## कलेक्टर मिश्रा और एमडी एनएचएम के प्रयासों से जिले के मरीजों को मिला लाभ

# थैलेसीमिया मरीजों के लिए वरदान बना मेदांता फाउंडेशन का कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

जिले के थैलेसीमिया मरीजों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। गुढ़गांव हरियाणा के मेदांता फाउंडेशन की ओर से प्रदेश के इंदौर के एम वाय हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में थेलीसिमिया मरीजों के निःशुल्क बोनमेरो ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसमें निजी अस्पतालों में होने वाला 35 से 50 लाख रुपए तक का खर्च पूरी तरह वहन किया जाना है। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के विशेष प्रयासों से एमडी एनएचएम जिले के मरीजों को यह सुनहरा अवसर मिला, लेकिन अफसोस की बात यह रही कि 84 पंजीकृत मरीजों में से मात्र 11 ही इस पहल का लाभ लेने पहुंचे। सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने बाताया कि थैलेसीमिया जैसी गंभीर अनुवांशिक बीमारी से पीड़ति मरीजों को जीवनभर नियमित ब्लड ट्रांसफ्यूजन पर निर्भर रहना पड़ता है। बोनमेरो ट्रांसप्लांट ही इसका स्थायी इलाज माना जाता है, लेकिन महंगे इलाज के कारण अधिकांश परिवार इसे कराने में असमर्थ रहते हैं। ऐसे में मेदांता फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क ट्रांसप्लांट की घोषणा किसी संजीवनी से कम नहीं थी। कलेक्टर डॉ मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित कर सभी 84 पंजीकृत मरीजों और उनके परिजनों से संपर्क कराया। शिविर में विशेषज्ञों की टीम ने आवश्यक जांच और काउंसलिंग की व्यवस्था भी की। इसके बावजूद बड़ी संख्या में मरीज नहीं पहुंचे, जो चिंता का विषय बन गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कई परिवारों में जागरूकता की कमी, भय और भ्रांतियों के कारण वे आगे नहीं आए। अब प्रशासन दोबारा संपर्क कर अधिक से अधिक मरीजों को इस योजना से जोड़ने की तैयारी में है।





**कार्यालय कलेक्टर, जिला राजगढ़, मध्यप्रदेश**

क्रमांक/ /सीएसटी/2026 राजगढ़ दिनांक फरवरी 2026

प्रति,
मिशन संचालक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
भोपाल, म0प्र0

विषयः–रक्त विकार थैलेसिमिया से ग्रसित पात्र मरीजों को "थैलेसेमिया बाल सेवा योजना" अन्तर्गत मेदांता फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन (BMT) सुविधा प्रदान किये जाने के संबंध में ।
संदर्भः–आपका पत्र क्र0/1978/2025 HMGLBIN-NHM/I/793130/2026

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से रक्त विकार थैलेसिमिया से ग्रसित पात्र मरीजों को "थैलेसेमिया बाल सेवा योजना" अन्तर्गत मेदांता फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन (BMT) सुविधा प्रदान किये जाने बाबत पत्र जारी किया गया है ।

चूंकि राजगढ़ जिले में थैलेसीमिया के मरीजो की संख्या बहुत अधिक है । (अवलोकन हेतु सूची संलग्न है)

अतः जिले के थैलेसीमियों के मरीजों के उपचार हेतु राजगढ़ जिले को भी सम्मिलित किया जाना उचित होगा ।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

Digitally signed by
GIRISH KUMAR MISHRA
Date: 20-02-2026
19:30:41 कलेक्टर
जिला राजगढ़ म0प्र0

### थैलेसीमिया क्या है और क्यों जरूरी है बोनमेरो ट्रांसप्लांट?

- थैलेसीमिया एक अनुवांशिक रक्त रोग है।
- मरीज को हर 15-20 दिन में ब्लड चढ़ाना पड़ता है।
- लंबे समय तक ब्लड ट्रांसफ्यूजन से शरीर में आयरन की अधिकता हो जाती है।
- बोनमेरो ट्रांसप्लांट से बीमारी जड़ से खत्म हो सकती है।
- निजी अस्पतालों में खचर्रू 35 से 50 लाख रुपए तक।
- मेदांता फाउंडेशन द्वारा यह सुविधा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध।

### प्रशासन की अपील

- *सभी पंजीकृत मरीजों से दोबारा संपर्क शुरू।*
- *परिजनों की काउंसलिंग और जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।*
- *पात्र मरीजों से अपील डर और भ्रांतियों को छोड़कर आगे आएं।*
- *जिले के लिए यह पहल एक ऐतिहासिक अवसर है।*
- *जरूरत है तो सिर्फ जागरूकता और सकारात्मक पहल की, ताकि थैलेसीमिया से जूझ रहे बच्चों और युवाओं को नया जीवन मिल सके।*

एसपी राजगढ़ से हुई लिखित शिकायत

# बीजेपी जिला उपाध्यक्ष व इकलेरा सरपंच पर मारपीट के आरोप, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भाजपा के राजगढ़ जिला उपाध्यक्ष एवं इकलेरा ग्राम पंचायत के सरपंच श्रवण पाटीदार पर मारपीट के आरोप लगे हैं। पीड़ितों ने इस बारे में राजगढ़ पुलिस अधीक्षक से मय सबूतों के शिकायत की है। श्रवण द्वारा सार्वजनिक रूप से शिकायतकर्ता को थप्पड़ मारने का वीडियो भी जिले में तेजी से वायरल हो रहा है। यद्यपि, हरिभूमि उक्त वायरल वीडियो की तकनीकी प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता है।

### क्या है पूरा मामला

राजगढ़ एसपी अमित तोलानी से लिखित में की गई शिकायत में फरियादी विश्वास एवं धर्मेंद्र निवासी कालापीपाल जिला शाजापुर ने उल्लेख किया है कि वे 13 फरवरी 2026 को तलेन थाने के इकलेरा गांव गए हुए थे। वहां उन्होंने मोबाइल से सरपंच श्रवण पाटीदार को सौहाद्र रूप से फोन लगाया लेकिन उसके कुछ समय बाद पाटीदार अपने कुछ साथियों के साथ पहुंचे और मारपीट करते हुए गाली-गलौच की। उन्हें न केवल थप्पड़ मारा गया बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी गई।

### एक अन्य मामले में भी शिकायत

भाजपा नेता एवं सरपंच पाटीदार के साथियों द्वारा सोमवार रात्रि एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के घर पर भी हमला करने की शिकायत हुई है। तलेन थाना पुलिस ने रात्रि में ही 9 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। उक्त अज्ञात लोगों में कौन-कौन शामिल थे। इस बारे में हरिभूमि द्वारा रात्रि 8 बजे थाना प्रभारी दामले को उनके मोबाइल पर कॉल किया गया लेकिन, उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

**इनका कहना है...**

*जिन्होंने मेरी शिकायत की है वे जबरिया वसूली करते हैं। उन्होंने मुझसे 20 हजार रुपए मांगे। मैं जब ईमानदारी से कार्य कर रहा हूं तो किसी को क्यों पैसे दूं। मेरी पंचायत के आसपास की पंचायतों से भी उन्होंने पैसे लिए हैं। मेरे पास पूरी रिकॉर्डिंग और स्क्रीनशॉट उपलब्ध हैं। कल हम एसपी साहब को सब कुछ उपलब्ध करवाएंगे।*

*श्रवण पाटीदार, सरपंच, इकलेरा, जिला राजगढ़*

**इनका कहना है...**

*शिकायत प्राप्त हुई है। आगे की कार्यवाही जारी है।*

*राकेश दामले
थाना प्रभारी, तलेन, जिला राजगढ़*

# एसआईआर में निष्पक्ष कार्य कराने को लेकर एसडीएम का किया स्वागत

सारंगपुर। विस में एसआईआर में निष्पक्ष और बेहतर कार्य करने एवं एसआईआर का काम शांतिपूर्वक ढंग से पूरा कराने को लेकर मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर नागरिकों ने एसडीएम रोहित बम्हौरे का स्वागत किया। नागरिकों ने कहा कि दरअसल देशभर में जहां एसआईआर को लेकर बीच-बीच में विरोध और अव्यवस्थाओं की खबरें सामने आती रही हैं, वहीं सारंगपुर में इसके बिल्कुल उलट सकारात्मक और उत्साहजनक संदेश निकलकर आया। यहां पूरे प्रशासनिक तंत्र ने तय समय पर एसआईआर के सभी चरण पूरे किए। यह एसडीएम बम्हौरे की बड़ी सफलता है जिन्होंने किसी भी बीएलओ को बिना सस्पेंड किए बिना बेहतर नेतृत्व करते हुए यह महत्वपूर्ण कार्य पुरा कराया। एसडीएम बम्हौरे ने इस अवसर पर कहा कि इस बार पूरे क्षेत्र में एसआइआर का काम बेहद सुचारू तरीके से आगे बढा। किसी भी बूथ या क्षेत्र में बड़ी परेशानी नहीं आई टीमों ने समय सीमा का पूरा ध्यान रखा।



2 शाजापुर रेफर, गाय खरीद का सौदा केंसिल होने पर हुई घटना, पुलिस ने दोनों पक्षों के मामला दर्ज किया

# पचोर के पशु हाट में चाकू मारने से 3 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पचोर के मंगलवारिया पशु हाट में गाय की खरीद परोख्त के दौरान दो पक्षो में खूनी संघर्ष हो गया। एक पक्ष ने लाठी डंडे से हमला किया तो दूसरे ने चाकू चला दिया। घटना में तीन लोग चाकू लगने से घायल हुए है इनमे दो को प्राथमिक चिकित्सा के बाद शाजापुर जिला अस्पताल में रेफर किया है। पचोर थानाप्रभारी शकुंतला बामनिया से मिली जानकारी अनुसार शाजापुर जिले के निवासी बनेसिंह से अफजल नामक खरीददार ने 16 हजार रुपए में गाय का सौदा किया था। अफजल के अनुसार सौदा होने के बाद गाय का दूध दुहकर देखा तो कम दूध दिया तो सौदा केंसिल करने की बात पर आपस में विवाद हो गया। घटना में विक्रेता पक्ष किसानों ने लाठी डंडे से हमला किया तो खरीददार अफजल फकीर और उसके पिता सलीम फकीर निवासी गीलाखेड़ी थाना कुरावर ने चाकूओं से हमला कर दिया। जिसमे सुनील पिता मेहरबानसिंह, लाड़सिंह पिता बंशीलाल को पीठ में चाकू लगने से गंभीर घायल हो गए जबकि नानूराम गुर्जर की उंगली में चोट आई है। पुलिस ने दोनों गंभीर घायलो को प्राथमिक चिकित्सा करवाकर शाजापुर जिला चिकित्सालय भिजवाया है। जबकि अफजल और उसके पिता सलीम फकीर को भी लाठी डंडो से मामूली चोटे आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जानलेवा हमले और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

शासकीय महाविद्यालय सुठालिया में व्याप्त समस्याओं को लेकर है गुस्सा

# कॉलेज की समस्याओं को लेकर अभाविप ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुठालिया इकाई द्वारा जिला राजगढ़ में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर निम्न मांगे रखी जिसमें शुद्ध पेयजल एवं नियमित स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की जाना। महाविद्यालय के प्रथम तल को विद्यार्थियों हेतु खोलना। स्नातक स्तर पर सभी विषय प्रारंभ किए जाएं एवं की व्यवस्था करना, शिक्षक एवं स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाना। महाविद्यालय परिसर में विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जाना( विद्यार्थियों के हित में (स्नातकोत्तर) पाठ्यक्रम प्रारंभ करना, महाविद्यालय में तकनीकी तथा शैक्षणिक स्टाफ का अभाव, कार्यालयीन कर्मचारियों की कमी इत्यादि के कारण महाविद्यालय की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही है।

विद्यार्थी परिषद ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद छात्र हित में आंदोलन करने हेतु बाध्य होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।कार्यकर्ताओ ने बताया महाविधालय परिसर में तकनीति,शैक्षणिक, स्टाफ तथा कर्मचारियों का अभाव है जिसके कारण विद्यार्थियों की शिक्षा पर दुष्प्रभाव पड़ता है सोंधिया ने कहा विद्यार्थी परिषद की समस्त मांगो को पूरी कर समस्याओं का अतिशीघ्र निराकरण किया जावे अन्यथा परिषद उग्र आंदोलन हेतु बाध्य होगी। इस अवसर पर नगर सहमंत्री नीरज सोंधिया, महाविद्यालय संयोजक किशन गोस्वामी,सुमित सोंधिया, ऋषिराज, दिलवर, रोहित, विशाल, गोविंद, नितिन, प्रिंस, राजेश, विनोद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सुठालिया महाविद्यालय में विगत कई वर्ष से राजनीतिक विज्ञान, जंतुविज्ञान, वनस्पति विज्ञान विषय तथा तकनीकी विषयो एवं कार्यालयीन कर्मचारियों के पद रिक्त है जिनपर भर्तियां न होना शिक्षा विभाग की लापरवाही को दर्शाता है।



# भाजपा युवा मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया



सारंगपुर। नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एआई इम्पैक्ट समिट कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस की युवा इकाई द्वारा कथित रूप से शर्ट उतारकर हंगामा करने और नारेबाजी किए जाने के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सारंगपुर में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने इस घटना को देश की गरिमा के खिलाफ बताते हुए विरोध दर्ज कराया। भाजयुमो विधानसभा सारंगपुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया तथा कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि विश्व मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को धूमिल करने वाले किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, जिला मंत्री मनोहर परमार, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल पुष्पद, श्याम राजपूत सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी राकेश सेन, पप्पी, राहुल इंदौरे, मोहित हाड़ा, लखन पुष्पद, ईशांत मंगल आदि मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलन तथा महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मोहन नागर (जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त एवं पद्मश्री सम्मानित) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में रोहित बम्होरे (अनुविभागीय अधिकारी, सारंगपुर), गुरुचरण गौड़ (विभाग समन्वयक, विद्या भारती भोपाल) एवं बद्रीलाल बामनिया (ब्लॉक समन्वयक, जन अभियान परिषद, सारंगपुर) शामिल रहे।

अपने संबोधन में नागर ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया ने स्वागत भाषण एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल उपलब्धियों की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वर्षभर आयोजित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, शील्ड एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने पर कोमल गोयल एवं शिवम पुष्पद को सम्मानित किया गया। संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को भी शील्ड प्रदान की गई। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में केश सज्जा में भूमि भावसार प्रथम एवं निक्की भेरवे द्वितीय रहीं। मेंहदी प्रतियोगिता में शिवानी पुष्पद प्रथम एवं निक्की भेरवे द्वितीय रहीं। सलाद सज्जा में हर्षिता पुष्पद प्रथम एवं उज्ज्वला पालीवाल द्वितीय रहीं। कचरे से कला प्रतियोगिता में राजेश्वरी चतुर्वेदी प्रथम एवं हर्षिता पुष्पद द्वितीय रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में खुशी गुर्जर प्रथम एवं दिव्यांशी भिलाला द्वितीय रहीं। पुष्प सज्जा में ईश्वर मालवीय प्रथम एवं उज्ज्वला पालीवाल द्वितीय रहे। फैंसी ड्रेस में हर्षिता पुष्पद प्रथम एवं सपना भिलाला द्वितीय रहीं। एकल नृत्य में अरुण भिलाला प्रथम एवं दिव्यांशी भिलाला द्वितीय रहे। एकल गायन में किरण पाल प्रथम एवं दिव्यांशी भिलाला द्वितीय रहीं। समूह नृत्य में अमीषा एवं समूह प्रथम तथा तनीषा एवं समूह द्वितीय रहे। काव्य पाठ में दिव्यांशी भिलाला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों द्वारा नेताजी के तुलादान पर आधारित एक सुंदर नाटक की प्रस्तुति भी दी गई, जिसके लिए प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

औपचारिक चार्ज लेकर कार्यभार संभाला

# हाफिज इलियास बने दरगाह कमेटी के सदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

नगर की दरगाह हजरत बाबा बदख्शानी रहमतुल्लाह अलेह की कमेटी मप्र वक्फ बोर्ड द्वारा परिवर्तित कर अब व्यवस्था हाफिज मोहम्मद इलियास को दे दी है। इसी क्रम में मंगलवार दोपहर दरगाह सेदरी में पूर्व सदर शफीक गामा ने नव नियुक्त सदर मोहम्मद इलियास को औपचारिक चार्ज सर्वसम्मति से सौंपा, जिसमें शफीक द्वारा वित्तीय प्रभार आदि के लिए तीन दिवस का समय भी लिया गया हे। गौरतलब हे कि लंबे कयासों बाद इस जिम्मेदारी संभालने की सभी योग्य कमेटियों से चयन कर यह प्रभार हाफिस इलियास को सोपा गया हे। इस वर्ष मार्च 2026 के सालाना उर्स के लिए कम समय अवधि में प्रभार लेने वाले नव नियुक्त सदर इलियास ने बताया कि पार्टी और विशेषकर राजगढ़ के लोकप्रिय विधायक व वक्फ कमेटी द्वारा मजबूर भरोसा जताया गया हे में विधायक जीबौर वक्फ बोर्ड चेयर मेन साहब का आभारी हूँ, उनके इस विश्वास पर पूरी रखते खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर दोनों कमेटियों के सदस्य व अन्य खादिम मौजूद रहे,हाफिस इलियास की नियुक्ति पर सभी शुभचिंतको ने बधाइयां दी। हमारी कमेटी उर्स की तमाम व्यवस्थाओं को बेहतर करने का प्रयास करेगी।



## जिलाधीश की पहल पर हर मंगलवार आयोजित होता है कार्यक्रम

# दुखियों के लिए 'दवा' और लापरवाहों का 'सिरदर्द' बना संवाद से समाधान

- राजगढ़ नपा सीएमओ, इंजीनियर, सुठालिया नप अध्यक्ष व एकाउन्टेंट पर तल्ख कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा हर मंगलवार संवाद से समाधान कार्यक्रम की अभिनव पहल शुरू की गई है। यह कार्यक्रम जिला स्तरीय जनसुनवाई के पूर्व आयोजित किया जाता है जिसमें किसी एक विभाग के किन्हीं 05 लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए फरियादी और संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी को आमने-सामने बैठाकर मामलों का मौके पर ही निराकरण किया जाता है। इस कार्यक्रम से जहां फरियादियों को त्वरित न्याय मिल रहा है वहीं संबंधित गैर-जिम्मेदार लोकसेवकों पर विभिन्न कार्यवाहियां भी नजर आ रही हैं। यह पहल न केवल अधिकारियों में जवाबदेही स्थापित कर रही है, बल्कि आम नागरिकों और जिला प्रशासन के बीच सीधा संवाद भी स्थापित कर रही है। कल इस कार्यक्रम के तहत नगरीय विकास एवं आवास विभाग से संबंधित पांच शिकायतों की समीक्षा की गई है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वयं प्रत्येक शिकायत को व्यक्तिगत रूप से सुनकर मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया। वहीं मामलों को अनावश्यक पेंडिंग रखने वालों पर तल्ख कार्यवाहियां भी नजर आईं।



### राजगढ़ नपा सीएमओ, इंजीनियर को नोटिस जारी

*राजगढ़ के एक शिकायतकर्ता सचिन मेवाड़े ने बताया कि वार्ड-15 स्थित फलोदी कालोनी में कालोनी में पानी की पाइप लाइन नहीं हैं। पाइप लाइन न होने से पेयजल के लिए रहवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के संबंध में मौके पर उपस्थित राजगढ़ नपा सीएमओ पवन अवस्थी ने बताया कि पेयजल के लिए नई लाइन डाली जा रही है। टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण हो गई है, शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। हालांकि, इस उत्तर से जिलाधीश संतुष्ट नहीं आए और सीएमओ अवस्थी एवं जल शाखा के सब इंजीनियरको कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि नगरीय निकायों में अवैध नल कनेक्शन का सर्वे कर सात दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।*

### पीएम आवास की शिकायत पर सत्यापन के निर्देश

*खिलचीपुर वार्ड-2 के शिकायतकर्ता जावेद कुरैशी ने बताया कि उन्हें पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। कलेक्टर ने नगर पालिका खिलचीपुर के 40 प्रधानमंत्री आवासों का 02 सप्ताह में जांच दल द्वारा सत्यापन करने के निर्देश दिए।*

### सुठालिया नप अध्यक्ष व एकाउन्टेंट को नोटिस

*एक शिकायतकर्ता अजय बैरागी ने बताया कि उनके स्वामित्व की ए.बी. सेल्स कार्पोररेशन, भोपाल द्वारा नगर परिषद सुठालिया क्षेत्र में स्काई लिफ्टा फेब्रिकेशन का कार्य 2024 किया गया था। इस कार्य का पेमेंट उन्हें दो साल बाद भी नहीं किया जा रहा है। शिकायत की जांच उपरांत कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सुठालिया नगर परिषद अध्यक्ष एवं लेखापाल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।*

# मोबाइल कोर्ट के माध्यम से किया जा रहा भूमि संबंधी विवाद का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में मोबाईल कोर्ट के माध्यम से भूमि संबंधी विवादों का आपसी सहमति के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम भादौर तहसील आरोन के प्राप्त आवेदन के संबंध में मोबाइल कोर्ट की कार्यवाही के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी आरोन के मार्गदर्शन में ग्राम पटवारी द्वारा दल मौके पर जाकर आवेदक धर्मेश पुत्र देवीसिंह जाति रघुवंशी निवासी भादोर एवं अनावेदक राघवेंद्र पुत्र देवीसिंह रघुवंशी के मध्य ग्राम की आबादी में अनावेदक राघवेंद्र रघुवंशी द्वारा निजी मकान निर्माण के संबंध में भूमि एवं निकासी संबंधी विवाद का आवेदक एवं अनावेदक को मौके पर उपस्थित पंचानों के समक्ष मध्य विवाद का आपसी सहमति से निराकरण कराया गया।इस मोबाइल कोर्ट की कार्यवाही में नायब तहसीलदार आरोन जैन, हल्का पटवारी सुनील किरार सहित आवेदक एवं अनावेदक सहित ग्राम पंचांन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भजन संध्या व श्याम की होली का आयोजन कल

**सीहोर।** शुक्रवार को शाम 5 बजे से सेकडाखेड़ी बाइपास स्थित श्यामेश्वर धाम सीहोर, खाटू श्याम मंदिर में भजन संध्या के संग श्याम की होली फाग महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। जानकारी देते हुए मंदिर संस्थापक ऋषि सोलंकी ने बताया कि एक ऐसा आध्यात्मिक उत्सव जहाँ श्याम नाम की गूंज, भजनों की रसधार और रंग-गुलाल व फूलों की होली का अद्भुत आनंद मिलेगा विशेष आकर्षण में इत्र वर्षा, गुलाल और फूलों की होली होगी। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम के आयोजक है खाटू श्याम मंदिर के संस्थापक ऋषि सोलंकी जिन्होंने सिद्धपुर की पावन धारा पर घर घर तक श्याम नाम की भक्ति पहुंचाई है इस पावन अवसर पर हमारे बीच उपस्थित रहेंगे। दिर सह सचिव मनीष सोलंकी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे । मंदिर प्रमुख संरक्षक विवेक राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 फरवरी से 5 मार्च तक सीहोर नरेश के दरबार में फाग उत्सव मेला भी आयोजित किया जा रहा है। मैं आप सभी सनातन प्रेमियों से आग्रह करता हूँ कि श्याम नाम के झूलों में आप आपने बच्चों और इष्ट मित्रों के साथ आकर आनंद लेकर धर्म लाभ लें।

### जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

**सीहोर।** मप्र जन अभियान परिषद, जिला सीहोर की नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन वरुण आचार्य, संभाग समन्वयक, म.प्र. जन अभियान परिषद संभाग भोपाल के मुख्य आतिथ्य एवं पारुल उपाध्याय, जिला समन्वयक की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सीहोर में किया गया। उक्त बैठक में विकासखण्ड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर, बीलू भिलवारे, भगवत शरण लोधी, हरिराम अहिरवार, इंदर सिंह निकुम एवं नवांकुर प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात नवांकुर प्रतिनिधियों से परिचय एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी ली गयी। मुख्य अतिथि वरुण आचार्य द्वारा महापुरुषों की जयंती आयोजित करने, नर्सरी, प्रस्फुटन वाटिका, संस्कार केंद्र, वाचनालय सुव्यवस्थित करने, दस्तावेजीकरण करने के बारे में विस्तार से बताया गया।

एक महीना बीतने को जांच के नाम पर खानापूर्ति में लगे जिम्मेदार

# आयुष्मान नीरामयम विभाग की हिदायत बेकार, महाप्रबंधक के नहीं माने आदेश!

आयुष्मान विभाग के आदेश को भी रखा ताक पर, एक महीना बीतने को जांच के नाम पर खानापूर्ति में लगे।




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सिविल अस्पताल आष्टा में आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि के नाम पर हुए वित्तीय घोटाले का मामला जोर पकड़ता जा रहा है। जिले का स्वास्थ्य विभाग भी आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए नजर आ रहा है। बता दें कि सिविल अस्पताल आष्टा में आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि के नाम पर किए गए 46 लाख रुपए से अधिक का सिविल अस्पताल के ही कर्मचारी और अधिकारियों ने अपने रिश्तेदारों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर सीधे सीधे सरकारी राशि को हजम कर लिया गया था।


इस बात का खुलासा सेवानिवृत शिशुरोग विशेषज्ञ डॉक्टर एके जैन की शिकायत होने के बाद आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग भोपाल के महाप्रबंधक डॉक्टर नरेंद्र भयडीया ने निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच कर तत्काल कार्यवाही के लिए 6 फरवरी को सीहोर जिले के स्वास्थ्य विभाग को आदेश पत्र जारी किया था। ऐसे में सीहोर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया ने 10 फरवरी को 6 सदस्यीय जांच टीम गठित की थी। लेकिन घोटाला उजागर हुए एक माह और आयुष्मान विभाग के आदेश को जारी हुए 15 दिनों से ज्यादा का समय बीत चुका है फिर भी अब तक 46 लाख रुपए से अधिक का घोटाला करने वाले दोषी कर्मचारी और अधिकारियों पर कोई कार्यवाही देखने को नहीं मिली है।

### आयुष्मान विभाग ने भी प्रथम दृष्टि माना था अपराध, कार्यवाही का दिया था आदेश

सिविल अस्पताल में आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि में 46 लाख रुपए से अधिक की गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग भोपाल के महाप्रबंधक डॉक्टर नरेंद्र भयडीया ने 6 फरवरी को सीहोर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया को प्रोत्साहित राशि में की गई अनियमितता की जांच के लिए समिति गठित करने के लिए आदेश जारी किए थे। जिसमें आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग भोपाल ने सख्ती दिखाते हुए स्पष्ट रूप से लिखा था कि सिविल अस्पताल आष्टा में पदस्थ डॉक्टर सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा आयुष्मान भारत नीरामयम के अंतर्गत शासकीय राशि के भुगतान में गंभीर अनियमितता की गई है जिनमें पात्र लाभार्थियों, कर्मचारियों को भुगतान न कर अन्य अपात्र व्यक्तियों के खातों में प्रथम दृष्टि में राशि ट्रांसफर किया जाना पाया गया है। उक्त कृत्य वित्तीय अनियमितता, शासकीय धन के दुरुपयोग, कर्तव्यहीनता एवं सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन की श्रेणी में आता है, जो गंभीर प्रकृति का विषय है एवं जिसकी निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं तथ्यपरक जांच कर कार्यवाही करना सुनिश्चित किया गया था।

### महाप्रबंधक ने दी थी सख्त हिदायत, फिर भी जांच में बरती जा रही लापरवाही

आयुष्मान विभाग के महाप्रबंधक डॉक्टर नरेंद्र भयडीया द्वारा सीहोर स्वास्थ विभाग को जारी आदेश में कई बिंदुओं पर जांच कराई जाने सहित लापरवाही और कार्यवाही में देरी न बरतने की सख्त हिदायत देते हुए उल्लेख किया था कि समिति में प्रशासनिक, वित्तीय एवं तकनीकी अधिकारी सम्मिलित हो ताकि जांच निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से की जा सके साथ ही जांच के दौरान संबंधित सभी अभिलेखों रिकॉर्ड, भुगतान विवरण, बैंक खातों, लाभार्थी सूची, आदेश पत्रों एवं फाइल नोटिंग का परीक्षण हो वहीं प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध म.प्र. सिविल सेवा नियम, 1966 तथा अन्य प्रचलित वित्तीय सेवा नियमों के अंतर्गत उचित विभागीय एवं विधिक कार्रवाई प्रारंभ की जाए। आयुष्मान भारत नीरामयम विभाग के जारी इस आदेश को सीहोर के स्वास्थ विभाग और जांच टीम ने ताक पर रख दिया है ऐसे में आयुष्मान विभाग के महाप्रबंधक डॉक्टर नरेंद्र भयडीया के इस आदेश के 15 दिनों बाद भी जांच टीम दोषियों पर कार्रवाई करना तो दूर की बात जांच के निष्कर्ष तक नहीं पहुंची है जबकि प्रथम दृष्टि में स्पष्ट नजर आ रहा है कि


आयुष्मान भारत "निरामयम्" मध्यप्रदेश
(दीनदयाल स्वास्थ्य सुरक्षा परिषद)
कार्यालय आई.ई.सी. ब्यूरो के प्रथम तल पर स्थित, जयप्रकाश चिकित्सालय परिसर, भोपाल दूरभाष नम्बर 0755-2762286

क्र./एस.एच.ए./ए.बी./2026/ 692 भोपाल, दिनांक 6/02/2026

प्रति,
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सीहोर, म.प्र.

विषय : आयुष्मान निरामयम् प्रोत्साहन योजना अंतर्गत अनियमितताओं की जाँच हेतु समिति गठन, उत्तरदायित्व निर्धारण एवं कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बावत।

संदर्भ : आपके कार्यालय का पत्र क्रमांक/स्थापना/2026/1659, दिनांक 02.02.2026।

उपरोक्त संदर्भित पत्र के अवलोकन से यह तथ्य संज्ञान में आया है कि सिविल अस्पताल, आष्टा में पदस्थ डॉ. ए.के. जैन सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आयुष्मान निरामयम् प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत शासकीय राशि के भुगतान में गंभीर अनियमितताएँ की गई हैं, जिनमें पात्र लाभार्थियों/कर्मचारियों को भुगतान न कर, अन्य अपात्र व्यक्तियों के खातों में राशि स्थानांतरित किए जाने के आरोप प्रथम दृष्टया परिलक्षित होते हैं। उक्त कृत्य वित्तीय अनियमितता, शासकीय धन के दुरुपयोग, कर्तव्यहीनता एवं सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन की श्रेणी में आता है, जो गंभीर प्रकृति का विषय है एवं जिसकी निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं तथ्यपरक जाँच अत्यावश्यक है।

अतः सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि—
- प्रकरण की विस्तृत जाँच हेतु तत्काल एक स्वतंत्र जाँच समिति का गठन किया जाए।
- समिति में प्रशासनिक, वित्तीय एवं तकनीकी अधिकारी सम्मिलित किए जाएँ, ताकि जाँच निष्पक्ष एवं बहुआयामी रूप से की जा सके।
- जाँच के दौरान संबंधित सभी अभिलेखों/रिकॉर्ड, भुगतान विवरण, बैंक खातों, लाभार्थी सूची, आदेश पत्रों एवं फाइल नोटिंग का परीक्षण किया जाए।
- प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 तथा अन्य प्रचलित वित्तीय/सेवा नियमों के अंतर्गत उचित विभागीय एवं विधिक कार्रवाई प्रारंभ की जाए।
- जाँच पूर्ण कर तथ्यात्मक, स्पष्ट एवं संस्तुतियों सहित प्रतिवेदन (Action Taken Report सहित) इस कार्यालय को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाए।

यह पत्र प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण में किसी भी स्तर पर शिथिलता, लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब को गंभीर कदाचार माना जाएगा। निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित न किए जाने अथवा विलंब की स्थिति में संपूर्ण उत्तरदायित्व आप पर निर्धारित किया जाएगा तथा आवश्यक प्रशासनिक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

(डॉ. नरेन्द्र भयडिया)
महाप्रबंधक (ऑपरेशन)
आयुष्मान भारत "निरामयम्" मध्यप्रदेश

क्रं./एस.एच.ए./ए.बी./2026/ 693 भोपाल, दिनांक 6/02/2026
प्रतिलिपि :-
1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुष्मान भारत "निरामयम्" म.प्र.
2. कार्यपालन अधिकारी, आयुष्मान भारत "निरामयम्" म.प्र. ।
3. सहायक लोक सूचना अधिकारी, आयुष्मान भारत "निरामयम्" म.प्र. ।

महाप्रबंधक (ऑपरेशन)
आयुष्मान भारत "निरामयम्" मध्यप्रदेश

सिविल अस्पताल के कर्मचारी और अधिकारियों ने साठगांठ कर आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि को पात्र लाभार्थियों के बजाय अपात्र अपने करीबी रिश्तेदारों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी है लेकिन इसके बावजूद कार्यवाही करने की बजाय जांच टीम अब जांच के नाम पर खानापूर्ति करने में जुटी है।

**अहम दस्तावेजों का इंतजार है...**

जांच चल रही है। अब तक हमने तीनों बीएमओ, लेखापाल और शिकायतकर्ता के बयान लिए हैं। प्रमोद के बयान नहीं हुए हैं और इस प्रकरण से जुड़े अहम दस्तावेज मंगवाए हैं। जिनमें से कुछ आ गए हैं, कुछ जरूरी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए हैं। जैसे ही सभी दस्तावेज उपलब्ध हो जाएंगे आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं इसको लेकर जल्द जांच टीम की मीटिंग भी होना है।

**डॉक्टर उमेश श्रीवास्तव, सिविल सर्जन, जांच अधिकारी**

# देवांचल धाम में चलाया गया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सुंदरम कॉलेज जावर के तत्वावधान में देवों की नगरी एवं ऐतिहासिक-पुरातात्विक महत्व के पर्यटन केंद्र देवांचल देवबडला धाम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह पावन स्थल आस्था, संस्कृति और विरासत का प्रतीक है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक दर्शन हेतु पहुंचते हैं। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती हेमा मंजीता पांचाल के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ धाम परिसर में फैले प्लास्टिक कचरे एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान अभियान में सम्मिलित विद्यार्थियों को देव बड़ला के पुरातत्व,ऐतिहासिक एवं पर्यटन विभाग मध्य प्रदेश द्वारा संरक्षित कर जीर्णोद्धार किए जा रहे कार्यों के बारे में अतुल शर्मा ने बताया।

देवबड़ला परिसर में गूंजता रहा जोशीला नारा प्लास्टिक हटाओ, देवांचल बचाओ, इस सशक्त संदेश के माध्यम से विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक सौंदर्य एवं पुरातात्विक धरोहर स्थलों की रक्षा का संकल्प लिया। अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना एन एस एस के स्वयंसेवकों की सक्रिय और अनुकरणीय भागीदारी रही। एन एस एस का मूल उद्देश्य मैं नहीं, बल्कि तुम की भावना के साथ समाज सेवा करना है, और इसी आदर्श को आत्मसात करते हुए स्वयंसेवकों ने देवभूमि को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की रूपरेखा मुकेश पांचाल द्वारा विद्यार्थियों को विस्तार से समझाई गई। उन्होंने स्वच्छता को केवल एक दिन का अभियान न मानकर जीवनशैली बनाने का आह्वान किया तथा अंत में सभी प्रतिभागियों का आभार गोविन्द ठाकुर व छात्रा वंशिका ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सीएम सोशल इंटर्न एवं शिक्षक अतुल शर्मा, वीरेंद्र ठाकुर, गोविंद ठाकुर, नारायण पाटीदार, शीतल भावसार, देवेंद्र , किशन, राजपाल, आर्यन, राजदीप, शिवराज, वंशिका, महक, शालू, वंदना, शीतल, संध्या, कुमकुम, शिवानी , चेतना भावना, रितिका, स्नेहा, प्रिया आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय प्रशासन से विनम्र अनुरोध कर विनयवत निवेदन किया गया कि देवांचल धाम की नियमित साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन एवं प्लास्टिक निषेध संबंधी सख्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि यह पवित्र स्थल अपनी दिव्यता, स्वच्छता और प्राकृतिक सौंदर्य को सदैव बनाए रख सके।

यह स्वच्छता अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह एक सशक्त सामाजिक संदेश, पर्यावरणीय चेतना और युवाओं की जागरूक भागीदारी का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरा। देवांचल धाम में आज सचमुच सेवा, संस्कार और संकल्प की एक नई मिसाल स्थापित हुई।

### जिले में रबी सीजन 2025-26 की गिरदावरी का कार्य 94 प्रतिशत पूर्ण

**सीहोर।** जिले में रबी सीजन 2025-26 की गिरदावरी का कार्य तेजी से जारी है। 25 फरवरी को प्रातः 8 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 6,04,590.788 हेक्टेयर क्षेत्र में से 5,70,464.078 हेक्टेयर क्षेत्र की गिरदावरी पूर्ण कर ली गई है, जो कि 94 प्रतिशत है। निजी क्षेत्र में कुल 4,15,020.112 हेक्टेयर में से 3,85,669.739 हेक्टेयर (93 प्रतिशत) तथा शासकीय क्षेत्र में 1,88,114.879 हेक्टेयर में से 1,84,794.339 हेक्टेयर (98 प्रतिशत) क्षेत्र की गिरदावरी पूरी की जा चुकी है। तहसीलवार प्रगति की बात करें तो जावर ने 100 प्रतिशत, दोराहा ने 106 प्रतिशत, इछावर में 104 प्रतिशत, श्यामपुर में 100 प्रतिशत, भैरूंदा में 95 प्रतिशत, आष्टा में 93 प्रतिशत, सीहोर में 90 प्रतिशत, सीहोर नगर में 100 प्रतिशत, रेहटी में 94 प्रतिशत, बुधनी में 99 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा शेष क्षेत्रों में भी शीघ्रता से गिरदावरी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

### कार्यपालन यंत्री ने महाप्रबंधक को पत्र लिखकर मांगा जवाब

**सीहोर।** सीहोर-श्यामपुर प्रदेश की पहली एफडीआर तकनीक से बनी सड़क में हुए भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस नेता पंकज शर्मा की शिकायत पर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री ने निर्माण एजेंसी एमपीआरडीसी के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर इस सड़क का निरीक्षण करके आवश्यक कार्रवाई करने तथा की गई कार्रवाई से सीहोर कलेक्टर को अवगत कराने को कहा है। ज्ञातव्य है कि इस सड़क के निर्माण के समय बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन ये सड़क थोड़े ही समय में पूरी तरह उखड़ गई, जिससे इसमें हुए भ्रष्टाचार की कहानी खुद ही सामने आ गई। इस सड़क में हुए गड्ढों की वजह से यहां कई हादसे भी हो चुके हैं।

## आज लोगों के पास ज्ञान है पर बुद्धि का अभाव है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगर के श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर में विराजमान पूज्य वात्सल्य रत्नाकर, भारत गौरव, विद्या वाचस्पति श्रमण मुनिश्री संस्कार सागर मुनिराज ने मंगल प्रवचन में आत्मकल्याण के तत्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जो तत्व आत्मा के प्रयोजन के लिए हैं, उन्हें जानकर बुद्धिपूर्वक जीवन में उतारना चाहिए।

मुनिश्री ने कहा कि बुद्धि और आत्मा भिन्न हैं, पर दोनों का संयोग आवश्यक है। बुद्धि के माध्यम से ही ज्ञान प्राप्त होता है और उसका सदुपयोग संभव है। उन्होंने प्रयोजन और अप्रयोजन का अंतर समझाते हुए कहा कि पुद्गल का संयोग न हो तो आत्मा को कोई दुखी नहीं कर सकता। जैसे जल का स्वभाव शीतलता है और वह अग्नि को भी शांत कर देता है, वैसे ही आत्मा का स्वभाव शुद्धता है। उन्होंने कहा कि आज लोगों में ज्ञान तो है, परंतु बुद्धि का अभाव है। व्यक्ति दूसरों को प्रभावित कर देता है, लेकिन स्वयं को नहीं बदल पाता। ज्ञानी व्यक्ति जानता है कि मान-अपमान आत्मा का नहीं, देह का होता है। पहले थोड़ी सी धार्मिक क्रिया से भी अपार पुण्य अर्जित होता था, क्योंकि भाव शुद्ध होते थे। आज बड़े आयोजन होते हैं, लेकिन आत्मा के परिणाम शुद्ध नहीं होने से अपेक्षित पुण्य नहीं मिल पाता। मुनिश्री ने कहा कि आज व्यक्ति आत्मा के लिए नहीं, अपनी पर्याय के मान-सम्मान के लिए धर्म कर रहा है। उपवास भी आत्मशुद्धि के लिए होना चाहिए, न कि प्रशंसा के लिए। जैन इतिहास में छह-छह महीने के उपवास के उदाहरण मिलते हैं, किंतु उनमें अहंकार नहीं था। यदि उपवास के बाद सम्मान न मिले और मन खिन्न हो जाए, तो वह साधना निष्फल हो जाती है। उन्होंने कहा कि शरीर अचेतन और नश्वर है। आठ कर्मों से मुक्त होने पर ही आत्मा देहबंधन से छूटती है। पाप शरीर के माध्यम से किए जाते हैं, किंतु उनका फल आत्मा को ही भोगना पड़ता है। व्यक्ति परिवार के लिए पाप करता है, पर उसका परिणाम उसे स्वयं सहना होता है। मुनिश्री ने संस्कृति और संस्कारों पर भी चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि लोग शरीर को सजाने-संवारने में लगे हैं, पर आत्मा की सुध नहीं ले रहे। जैसे शरीर सुंदर दिखता है, वैसे ही भाव भी सुंदर होने चाहिए। बाहरी अशुद्धि से परिणाम बिगड़ते हैं, इसलिए उन्हें पवित्र और शुद्ध बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने अंत में कहा कि यह संसार पराया है, स्वयं का नहीं। जिसे हम अपना घर समझते हैं, वह भी एक धर्मशाला के समान है। यदि आत्मा से अनुराग होगा तो आत्मकल्याण का भाव स्वतः जागृत होगा। इसलिए विचार करें कि हम शरीर के लिए कितना पुरुषार्थ करते हैं और आत्मा के लिए कितना। आत्मा के कल्याण का मार्ग ही जीवन को सफल बनाता है।

## वार्ड 16 की सेमनरी कॉलोनी के लोगों को मिलेगी सुविधा, नपा ने किया सीसी सड़क का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगरपालिका द्वारा नगर में विकास व निर्माण कार्य निरंतर जारी है। गत दिवस जहां मुक्तिधाम परिसर में नागरिकों की सुविधा के लिए हाई मास्ट लाइट का शुभारंभ हुआ, वहीं प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में भी श्रद्धालुओं को प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए हाई मास्ट लाइट लगवाई गई है। इस आशय की जानकारी नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने वार्ड क्रमांक 16 में सीसी रोड भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर दी। सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा एवं वार्ड पार्षद रविन्द्र रवि शर्मा द्वारा किया गया।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त सीसी रोड का निर्माण सेमनरी रोड मुख्य मार्ग से लेकर परमार साहब के मकान तक लगभग 5 लाख रूपये की लागत से बनेगा। मेवाडा ने संबंधित निर्माणकर्ता ठेकेदार को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में पूर्ण गुणवत्ता बरती जाए, किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर निर्माण कार्य बंद कर ठेका निरस्त कर दिया जाएगा। साथ ही नपा के तकनीकी अधिकारियों को भी समय-समय पर उपस्थित होकर स्वयं की उपस्थिति में निर्माण कार्य करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, पार्षद प्रतिनिधि तेजपाल मुकाती, स्वच्छता एम्बेसेडर संध्या बजाज, शिवनारायण मेवाड़ा, समता जैन, मनोज परमार, हेमंत त्यागी आदि मौजूद थे।

सड़क सुरक्षा के प्रति नजर आया उत्तरदायित्व का सशक्त उदाहरण

# जरूरतमंद बेटियों की मदद के साथ सड़क सुरक्षा का दे रहे संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जहां एक ओर देवास भोपाल कॉरीडोर टीम का सीएसआर प्रशासन सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहा है, वहीं दूसरी ओर समाज में व्याप्त दुर्घटना रूपी गंभीर समस्याओं के समाधान हेतु बहुआयामी प्रयास भी कर रहा है। यह समस्त कार्य परियोजना संचालक सम्माननीय अजय मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में निरंतर संचालित हो रहा है।

रुद्राक्ष महोत्सव के अवसर पर कुबरेश्वर धाम आए श्रद्धालुओं के लिए, अपोलो फाउंडेशन से समन्वय स्थापित कर, परियोजना निरामय के माध्यम से एमबीबीएस चिकित्सकों एवं मेडिकल टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, निःशुल्क दवा वितरण तथा निःशुल्क एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह सेवा श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य संरक्षण के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। इसी क्रम में, समाज में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं जैसी गंभीर समस्या को दृष्टिगत रखते हुए संस्था द्वारा विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। टोल प्लाजाओं पर जनजागरूकता गतिविधियाँ, स्किल सेंटर के माध्यम से नारी सशक्तिकरण के लिए युतियों को जनरल ड्यूटी असिस्टेंट का निःशुल्क प्रशिक्षण व रोजगार से जोड़ते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, टेक्नो ट्रक के माध्यम से ग्रामीण व शहरी समुदायों से संवाद स्थापित करना तथा पीपल ट्री फाउंडेशन के सहयोग से जनसमुदाय को सुरक्षा संदेश देना, ये सभी पहल समाज में सुरक्षा संस्कृति विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रही हैं। इन सतत प्रयासों के माध्यम से देवास–भोपाल कॉरिडोर का सीएसआर प्रशासन केवल सेवा कार्य ही नहीं कर रहा, बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता, जनभागीदारी और सुरक्षा के प्रति उत्तरदायित्व का एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। यह पहल इस विश्वास को सुदृढ़ करती है कि संगठित प्रयासों और संवेदनशील नेतृत्व से ही दुर्घटनारूपी सामाजिक समस्या को कम किया जा सकता है तथा एक सुरक्षित, जागरूक एवं उत्तरदायी समाज का निर्माण संभव है। इस मौके पर परियोजना रख रखाव अधिकारी दिगपाल सिंह राठौड़, प्लाजा मैनेजर दिनेश पाटिल, राजेंद्र सोलंकी, रत्नेश कुमार सिंह, लखन कुमार एवं कई सम्माननीय उपस्थित थे।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन में नव युगलों ने लिए फेरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जावर तहसील के ग्राम मुंडला चौकी में 32वां श्रीराम महायज्ञ एवं निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन हुआ । जिसमें समस्त गांव का सहयोग रहा। 25 फरवरी को यज्ञाचार्य प. गजानंद तिवारी व सभी ब्राह्मण देवताओं द्वारा शुभ लग्न का कार्यक्रम सफल हुआ। इसी उपलक्ष में भंडारे का आयोजन भी हुआ। आसपास के सभी गांवों से काफी संख्या में श्रद्धालु पधारे एवं भगवान यज्ञनारायण के दर्शन किए।वही कार्यक्रम में उदय सिंह आचार्य, राय सिंह, विजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, विरेन्द्र सिंह, मनीष महेश्वरी, राजपाल, सतीश महेश्वरी आदि सभी उपस्थित रहे।